Title: Regarding re-naming of Aurangabad Airport as Raje Sambhaji Maharaj Airport.

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से शून्यकाल में एक महत्वपूर्ण मामला उठाना चाहता हूं। मराठवाड़ा में औरंगाबाद एक ऐतिहासिक स्थल है। मराठवाड़ा के आठों जिलों में छत्रपति शिवाजी महाराज के महान् सुपुत्र राजे संभाजी के प्रति अत्यधिक श्रद्धा है। राजे संभाजी महाराज ने मराठ वाड़ा के लिए अनेक कुर्बानियां दी थीं, यहां तक कि औरंगज़ेब ने उनकी आंखें तक निकलवा दी थीं। औरंगाबाद में विश्व प्रसिद्ध अजंता-एलोरा गुफाएं हैं जिनमें स्थापित प्राचीन मूर्तियों तथा पेन्टिंगों को देखने के लिए पूरे विश्व से पर्यटक आते हैं। इस क्षेत्र की जनता, विधायकों और सांसदों की यह हार्दिक इच्छा है कि औरंगाबाद एयरपोर्ट का नाम बदल कर राजे संभाजी महाराज एयरपोर्ट किया जाए ताकि पूरे विश्व के लोग राजे संभाजी महाराज के बारे में जानें तथा महाराट्र के बलशाली इतिहास से पूरी दुनिया अवगत हो सके।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से रिक्वैस्ट करता हूं कि मराठवाड़ा की जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए औरंगाबाद एयरपोर्ट का नाम बदल कर राजे संभाजी महाराज एयरपोर्ट किया जाए।